तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 21 अप्रैल 2024



11 लोकसभा चुनाव में बुलेट पर हुई बैलेट की जीत





11 प्रकृति को समर्पित थीम पर प्राकृतिक वस्तुओं से...






## खबर संक्षेप

### बाहर रह रहे मजदूरों को मतदान के लिए घर आने का किया आग्रह

**कांके।** लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत दूसरे चरण में कांकेर लोकसभा क्षेत्र का मतदान 26 अप्रैल को सम्पन्न होना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत जिले से पलायन कर दूसरे शहर में निवासरत तथा राज्य से बाहर गए मतदाताओं के लिए विशेष अभियान घर आजा संगी प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत ग्राम नन्दनमारा के छोटेपारा में मनरेगा कार्य स्थल पर श्रमिकों द्वारा घर से बाहर रह रहे मजदूरों को अपने घर गृह स्थान आकर शत-प्रतिशत मतदान करने का आग्रह किया गया। साथ ही जनपद पंचायत सीईओ अश्वनी यादव द्वारा समस्त श्रमिकों को मतदान की शपथ भी दिलाई गई।

### इलाज के दौरान बुजुर्ग की हुई मौत

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बांदे में ईलाज के दौरान छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के ग्राम मोरखंडी निवासी 60 वर्षीय रामाराम कवाची पिता स्व. मुंशीराम का ईलाज के दौरान मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक ने जहर खा लिया था, जिसे ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### पुलिस ने जब्त किया चार लीटर महुआ शराब

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत मांडाभर्री निवासी 21 वर्षीय कलिका नेताम पिता सकूनराम के कब्जे से पुलिस ने 19 अप्रैल को शाम करीबन 5 बजे 4 लीटर महुआ शराब और नगद 200 रूपए को जप्त किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# कलपर-आपाटोला मुठभेड़ में मारे गये सभी माओवादियों की हो गई शिनाख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ दिशा विहिन हुआ माओवादी संगठन खात्मे की ओर अग्रसर : आईजी

कलपर-आपाटोला मुठभेड़ में मारे गए सभी 29 माओवादियों की शिनाख्त हो चुकी है। इनमें 10 माओवादी मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ (एमएमसी) जोनल कमेटी व 14 सीपीआई माओवादी संगठन के प्रमुख लड़ाकू दल पीएलजीए के मेंबर थे जिन्हें सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में ढेर किया था। आईजी सुंदरराज पी ने जारी प्रेसनोट में बताया कि 16 अप्रैल को जिला कांकेर के थाना छोटेबेठिया अंतर्गत हापाटोला, कलपर, बिनागुण्डा एवं कोरोनार के सरहदी जंगलों में डीआरजी एवं बीएसएफ 94 वीं वाहिनी की संयुक्त बल द्वारा मुठभेड़ के बाद बरामद किये गये 29 माओवादियों के शव सहित अत्याधुनिक हथियार बरामद किया गया। मुठभेड़ में मारे गये माओवादियों की शिनाख्तगी की कार्यवाही पुरी हो चुकी है। शिनाख्तगी में यह पाया गया कि कलपर-आपाटोला जंगल में दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के अलावा मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ (एमएमसी) जोनल कमेटी के माओवादी कैडरों की मौजूदगी थी। उत्तर बस्तर डिविजन कमेटी के डिविजनल कमेटी सदस्य शंकर राव एवं उनकी पत्नी एरिया कमेटी सदस्य रीता, तेलंगाना राज्य के जिला वारंगल एवं आदिलाबाद के रहने वाले थे। वहीं


▶▶|शेष पेज 10 पर


## मुठभेड़ में मारे गए 10 माओवादी एमएमसी जोन व 14 पीएलजीए लड़ाके

### संगठन बौखलाहट में दे रहा अनर्गल बयान

आईजी ने बताया कि प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के कलपर-आपाटोला मुठभेड़ में डिविजनल कमेटी सदस्य, एरिया कमेटी सदस्य, पीएलजीए कैडर जैसे सक्रिय एवं महत्वपूर्ण कैडरों के पहली बार भारी संख्या में क्षति होने से नक्सल संगठन भयभीत व बौखलाहट में है। यही वजह है कि गलत एवं अनर्गल तथ्यों का उल्लेख करते हुए उत्तर बस्तर सब जोनल ब्यूरो द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी किया गया है। माओवादियों की उक्त प्रेस विज्ञप्ति से स्पष्ट हो रहा है कि माओवादी संगठन दिशा विहीन एवं नेतृत्व विहीन होकर खात्मा की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है।



### मुख्यधारा में लौट क्षेत्र की शांति व विकास में भागीदार बने

आईजी द्वारा माओवादी कैडर को हिंसा त्यागकर समाज के मुख्यधारा में शामिल होकर क्षेत्र के शांति एवं विकास में भागीदार बनने की अपील किया गया है। उन्होंने कहा कि बस्तर रेंज में तैनात सुरक्षा बलों द्वारा क्षेत्र की जनता की जान-माल की रक्षा के लिए सदैव तत्पर होकर माओवादियों के विरूद्ध प्रभावी रूप से कार्यवाही की जायेगी। जिससे क्षेत्र की जनता को माओवादियों के हिंसक गतिविधियों से मुक्ति मिलने के साथ-साथ बस्तर को एक नया सकारात्मक पहचान प्राप्त हो सके।

## शहादत: दो माह पूर्व दियारी त्योहार के बाद परिजनों ने खुशी खुशी किया था विदा

# गार्ड ऑफ ऑनर के साथ शहीद लाडले देवेन्द्र को दी अंतिम विदाई, उमड़े लोग









हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र में एरिया डोमिनेशन के दौरान शहीद हुए जगदलपुर के करीब धोबीगुड़ा निवासी लाडले देवेन्द्र सेठिया को अंतिम विदाई देने लोगों का हुजूम लग गया। शनिवार सुबह सीआरपीएफ हेडक्वार्टर में गार्ड ऑफ ऑनर के बाद गृहग्राम धोबीगुड़ा में सैकड़ों लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।

सुबह नया बस स्टैंड स्थित सीआरपीएफ 80 बटालियन के हेडक्वार्टर में गार्ड ऑफ ऑनर देने जनप्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में सीआरपीएफ के अधिकारी व पुलिस के आला अफसर मौजूद थे। आईजी सुंदरराज पी व सीआरपीएफ के अधिकारियों की मौजूदगी में उन्हें सलामी दी गई। श्रद्धांजलि के बाद उनके पार्थिव शरीर को गृहग्राम के लिए रवाना किया गया। गृहग्राम धोबीगुड़ा पहुंचते ही मौजूद सैकड़ों लोगों की आखें नम हो गई। सभी लोग आखरी बार देवेंद्र को देखना चाह रहे थे। दो माह पहले जब देवेन्द्र गांव आए थे तब सभी ने साथ में


▶▶|शेष पेज 10 पर


### पांच भाई बहनों में दूसरे नम्बर के थे देवेन्द्र

परिजनों ने बताया कि शहीद देवेन्द्र सेठिया वर्ष 2013 में सीआरपीएफ ज्वाइन किया था। उसके बाद कई वर्ष तक असम में उनकी तैनाती थी। लगभग 2 वर्ष पहले तक भद्राचलम में सीआरपीएफ बटालियन में रहने के बाद 8 माह पहले 196 बटालियन बीजापुर में उनका स्थानांतरण हुआ था। इससे पूर्व जनवरी माह में दियारी त्यौहार होने के कारण करीब 1 माह की छुट्टी लेकर आया हुआ था फिर वापस अपने ड्यूटी बीजापुर चले गए थे। पांच भाई बहनों में दूसरे नम्बर के थे देवेन्द्र।

### छोटे भाई को सुबह दी जन्मदिन की बधाई, दोपहर में शहीद



देवेन्द्र सेठिया के छोटे भाई का जन्मदिन था जिसे उन्होंने सुबह मैसेज किया था लेकिन दोपहर के बाद अचानक से घर में जवान के शहीद होने की सूचना मिली जिसके बाद परिवार व गांव में मातम पसर गया। मौके पर मौजूद शहीद जवान के चाचा हीरा सेठिया ने बताया कि उनके भतीजे के पैर, कमर व हाथ में चोट होने की खबर मिली थी जिसके तत्काल बाद सभी डिमरापाल मेडिकल कॉलेज पहुंच गए थे। लेकिन जब तक उनको मेडिकल कॉलेज में उपचार शुरू किया जाता तब तक उनकी चौपर में ही मौत हो गई थी।

## 4 गांवों में सुरक्षा बल तैनात

# सुरक्षा बलों की मौजूदगी में नक्सलगढ़ में शांतिपूर्ण मतदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के घाटी नीचे के संवेदनशील 4 गांव में सुरक्षा बल की मौजूदगी के चलते न केवल शांतिपूर्ण मतदान हुआ बल्कि ग्रामीण मतदाताओं ने चिलचिलाती धूप में 80 फीसदी से अधिक वोट देकर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभाई। इस इलाके के सेक्टर अधिकारी रेंज अफसर प्रकाश ठाकुर ने मतदान समाप्ति के बाद हरिभूमि से चर्चा में कहा कि पालम, धर्माबेड़ा, ककनार और चंदेला ऐसे संवेदनशील इलाके हैं जहां कुछ साल पहले तक नक्सल खौफ के चलते लोगों में दहशत रहता था। लेकिन इस चुनाव में सुरक्षा जवानों ने पूरे इलाके में शांतिपूर्ण मतदान के लिए अच्छा माहौल तैयार किया। वहीं सभी 4 गांव के मतदान दल ने पैदल चलकर और मतदान के दिन पूरा समय ग्रामीणों के साथ सौहाद्रपूर्ण व्यवहार किया जिससे लोग मतदान करने सभी केंद्रों में घंटों लाईन लगाकर धूप में भी खड़े रहे। भूखे प्यासे खड़े रहकर लोगों ने मतदान किया। यही कारण है कि भारी मतदान इस क्षेत्र में हुआ है।

# ठेकेदार की वापसी, गुमलवाड़ा में विद्युतीकरण कर कार्य प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ अधूरे कार्य शुरू होने से ग्रामीणों को राहत की आस

संभागीय मुख्यालय जगदलपुर से लगभग 35 किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत गुमलवाड़ा में एक वर्ष पूर्व रायगढ़ के ठेकेदार ने सौभाग्य योजना-2 में विद्युतिकरण कर रहा था। इसके लिए घरों को रोशन एवं ट्रांसफार्मर लगाने के लिए पोल लगाया पर विद्युतिकरण कार्य अधूरा छोड़कर भाग गया था। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार वापस आ गया और विद्युतिकरण कार्य शुरू कर दिया है। बस्तर जिले के ग्राम पंचायत गुमलवाड़ा में वर्ष 2022 में रायगढ़ का ठेकेदार ने विद्युतिकरण शुरू किया था। ठेकेदार ने गुमलवाड़ा में विद्युतिकरण के लिए ट्रांसफार्मर एवं घरों में कनेक्शन देने के लिए बिजली पोल लगाया, पर पोल में ट्रांसफार्मर बिना लगाए, बिजली भी नहीं पहुंच सकी और ठेकेदार अधूरा विद्युतिकरण छोड़कर भाग गया था। बताया जा रहा है कि हॉल ही में वह ठेकेदार वापस आया और अधूरी विद्युतिकरण


▶▶|शेष पेज 10 पर




### ठेकेदार को दिए निर्देश

विद्युत कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंत एसएस पांडव ने बताया कि ठेकेदार को निर्देश दिया कि गुमलवाड़ा के विद्युतिकरण कार्य शीघ्र पूरा करें, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

# वृक्ष की डंगालें लाइन पर गिरीं बिजली सेवा चार घंटे रही ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ बारिश-पानी से चार-पांच जगह पर डंगालें तार पर गिरी

संभागीय मुख्यालय में शनिवार को बारिश एवं आकाशीय बिजली से दोपहर 1 बजे से बिजली सेवा प्रभावित रही, जिससे उपभोक्ता परेशान रहे। उपभोक्ताओं ने बताया कि दिन भर में लगभग 5 वीं बार बिजली का आना-जाना हुआ, कम्प्यूटर जैसे सामान फ्यूज होने की संभावना बनी रही। वहीं दूसरी ओर विद्युत अधिकारी ने बताया कि शहर के सर्किट हाऊस के पास, वृंदावन कालोनी सहित लगभग 4-5 स्थानों में वृक्षों की डगालें टूटकर विद्युत लाईन में गिरी, जिसके चलते बिजली सेवा प्रभावित हुई। दूसरी ओर बारिश के बाद


▶▶|शेष पेज 10 पर




### उपभोक्ता कर रहे फोन

बताया जा रहा है कि बंद बिजली होने से उपभोक्ताओं ने विद्युत कंपनी के कंट्रोल रूम में फोन कर कर्मचारियों को बार-बार बिजली क्यों बंद हो रही है। यहां तक कुछ उपभोक्ताओं ने कहा कि बिजली विभाग मजाक कर रहा है।

### स्थल पर पहुंच रहे कर्मी

विद्युत वितरण कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता एसएस पांडव ने बताया कि उपभोक्ताओं की शिकायत मिलते ही विद्युत कर्मी स्थल में जाकर बिजली बहाल कर रहे है। शनिवार को भी कर्मचारी बारिश में भी जुटे रहे।

# तोकापाल में हुई अंधड़ के साथ ओलावृष्टि, रबी के लिए घातक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एक दिन पूर्व मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर ने मौसम का पूर्वानुमान जारी किया था जो बस्तर के लिए सटीक बैठा। शनिवार को बस्तर अंचल में दोपहर के बाद मौसम एकाएक करवट बदला और तेज अंधड़, वज्रपात के साथ बारिश हुई। वहीं तोकापाल में जमकर ओलावृष्टि हुई। बदले इस मौसम से रबी फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी है। खासकर तोकापाल और उसके आसपास के क्षेत्र में लगे सब्जी फसल को नुकसान की खबर है। बहरहाल आज सुबह से आसमान साफ रहा और तेज धूप निकला। तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा दर्ज किया गया। दोपहर के बाद एकाएक गरज-चमक के साथ बारिश होने लगी। शाम लगभग 4 बजे के बाद संभाग मुख्यालय में जोरो से आसमानी बिजली ने आमजनों को भयभीत कर दिया। मौसम वैज्ञानिक एचपी चन्द्रा के मुताबिक शुक्रवार को एक पश्चिमी विक्षोभ पूर्व और उत्तर में स्थित है। इसके प्रभाव से उपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पाकिस्तान और उससे लगे पंजाब पर स्थित


▶▶|शेष पेज 10 पर




# लखमा ने मतदाता व मतदान कर्मचारियों का माना आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के ग्राम नागारास में वोट देने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा जगदलपुर पहुंचे। वे आज पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित मतगणना स्थल के स्ट्रांग रूम पहुंचे जहां ईव्हीएम सिलिंग की कार्रवाई हुई। उन्होंने चर्चा में कहा कि जनादेश स्वीकार्य है। सभी मतदाता और मतदान कर्मियों का आभार मानते कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद लोगों की लंबी लाईन मतदान केंद्रों में लगी थी। इससे साबित होता है कि लोगों में जागरूकता आई है और लोकतंत्र के महापर्व में जनप्रतिनिधि चुनने में लोग जागरूक हुए हैं। प्रचार के दौरान एक दिन में 2 दर्जन से अधिक गांव में पहुंचकर लोगों से मिलना और उनसे संवाद करना काफी रोमांचक रहा। लोगों का प्यार और सहयोग मिला यही मेरे के लिए सबसे बड़ी पुंजी है। लगातार 6 बार जनता ने विधायक बनाया मंत्री भी बना जो जनता का प्यार और सहयोग से संभव हुआ। सांसद चुनाव में भी कांग्रेस का घोषणा पत्र काफी प्रभावी रहा। खासकर महिलाओं और युवाओं को आगे ले जाने के लिए पार्टी ने गंभीरता से विचार किया है, जिसका लाभ इस चुनाव




▶▶|शेष पेज 10 पर


## पाठक सूचना

**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124







## खबर संक्षेप

### मुक्तिधाम में मिली अधजली लाश, जांच में जुटी पुलिस

**कोंडागांव।** शनिवार सुबह दिल दहला देने वाला मंजर देखने को मिला है, जहां अधजली लाश से मिलने से नगर में खौफ का माहौल नागरिकों में देखने को मिल रहा है। कोंडागांव जिला मुख्यालय से लगे नारंगी नदी के समीप मुक्ति धाम में सुबह करीब सुबह 7 बजे के आसपास कोंडागांव कोतवाली पुलिस को सूत्रों से जानकारी मिली कि मुक्तिधाम में आधी जली हुई लाश है, जिसके पैरो में रस्सी बंधी हुई। जिसे देख के लग रहा है कि यह किसी ने हत्या कर जलाने का प्रयास किया है। जिस पर कोंडागांव कोतवाली पुलिस ने मौक़े पर पहुंच जांच जारी की है, जहां से सर पर चोट व पैरों पर रस्सी, रॉड मिलना देखा गया है। कोंडागांव कोतवाली पुलिस प्रभारी प्रहलाद यादव से इस मामले को देखते हुए चर्चा की गई, जहां उनका कहना है कि फरसगांव निवासी प्रकाश नाग की पुष्टि हुई है। मामले पर जांच में जुटी है पुलिस, जल्द खुलासा किया जाएगा।

### खर्रा में हनुमान जन्मोत्सव 21 से

**सिर्री।** ग्राम खर्रा में श्रीराम हिंदू परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से हनुमान जन्मोत्सव एवं शोभायात्रा का आयोजन 21 से 23 अप्रैल तक किया गया है। प्रथम दिवस सुबह 11 बजे से श्रृंगार एवं अखंड रामायण का पाठ ग्रामवासियों द्वारा किया जायेगा। द्वितीय दिवस सोमवार को संध्या 5 बजे डीजे की धुन पर भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। 23 अप्रैल को सुबह 10 बजे से हवन पूजन, शस्त्र पूजन के बाद महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। पूजनकर्ता पंडित दानेश्वर प्रसाद शर्मा नारी होंगे। मंगलवार की रात्रि भारत दर्शन जस झांकी एवं रामधुनी मंडली वृंदावन चौक भिंभौरी बेमेतरा की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी अमित साहू और आदित्य साहू ने दी है।

### भाजपा प्रत्याशी आज सिहावा विधानसभा में

**नगरी।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रत्याशी भोजराज नाग व धमतरी जिला सह प्रभारी हलधर साहू सिहावा विधानसभा के अंतर्गत बेलरगांव मंडल एवं नगरी मण्डल में 20 अप्रैल को जनसंपर्क करेंगे। सुबह 8 बजे घुरावड़, 8. 30 बजे आमगांव, 9 बजे बेलरगांव, 9.30 बजे कसपुर, 10 बजे गढ़डोंगरी, 10.30 बजे सेमरा, 11 बजे सिहावा, 11.30 बजे भीतररास, 12 बजे घठुला, 12.30 बजे उमरगांव, 1 बजे रानीगांव, 1.30 बजे सांकरा, 2 बजे मोदे, दोपहर 2.30 बजे नगरी, 5 बजे बजरंग चौक नगरी में आमसभा को सम्बोधित करेंगे।

### शराब के लिए पैसा नहीं मिलने पर अधेड़ ने किया जहर सेवन, मौत

**धमतरी।** शराब के लिए पैसे नहीं मिलने से नाराज अधेड़ ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के गंगरेल निवासी कामताप्रसाद यादव पिता झुनुराम 53 वर्ष शराब सेवन का आदी था। गुरुवार को भी अधेड़ दिनभर शराब सेवन कर घूम रहा था। शाम को नशे की हालत में घर पहुंच पत्नी से शराब पीने के लिए पैसा मांगा। पत्नी द्वारा पैसा नहीं होने की बात कहने पर अधेड़ गाली-गलौज कर घर से निकल नदी की तरफ चला गया। यहां अधेड़ ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर कर लिया था। गांव के महेश निषाद ने अधेड़ को नदी किनारे देख उसके बेटे मनोज यादव को घटना की जानकारी दी।

## स्काउट गाइड एवं युवोदय कोंडानार चैम्प्स के स्वयं सेवकों ने किया सहायोग

# 12 सौ से अधिक दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को मिली 137 मतदान रथ की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में मतदान दिवस पर दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को जिला प्रशासन द्वारा निःशुल्क विशेष वाहन सुविधा 'मतदाता रथ' उपलब्ध कराया गया । इस विशेष सुविधा का लाभ जिले के 1200 से अधिक दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों द्वारा उठाया गया। जिले में दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों की सहायता के लिए कुल 137 मतदाता रथ जिले में आने वाले पूरे संसदीय क्षेत्र के लिए बनाये गये थे। जिसमें कोण्डागांव विकासखण्ड में 111, माकड़ी विकासखण्ड में 23 तथा नगरपालिका कोण्डागांव क्षेत्रंतर्गत 03 मतदाता रथ मतदान के लिये लगाये गये। जिसके माध्यम से 1000 से अधिक दिव्यांगों तथा 200 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को उनके घर से मतदान केन्द्र लाकर वापस घर तक पहुंचाया गया।




मतदान रथ के साथ स्काउट गाइड के युवा स्वयं सेवकों एवं युवोदय कोण्डानार चैम्प्स के स्वयंसेवक भी दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को मतदान केन्द्र लाने के कार्य में सहायता करते रहे। इसके अतिरिक्त स्काउट गाइड के युवा स्वयंसेवकों एवं युवोदय कोण्डानार चौम्प्स के स्वयंसेवक मतदान केन्द्रों में खड़े होकर लोगों को मतदान में सहायता करने के साथ वरिष्ठ नागरिकों



एवं दिव्यांग जनों की सहायता तथा लोगों को मतदान के लिए मार्गदर्शन करने का कार्य लगातार करते रहे।

### लकवा ग्रस्त भोंदूराम ने किया मतदान

मसोरा स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 19 में मतदान के लिए मतदाता रथ के माध्यम से सड़कपारा निवासी लकवा बीमारी से ग्रस्त भोन्दूराम भी मतदान करने आये । उन्हें स्काउट गाइड की स्वयंसेवक रूखमणी पाण्डे एवं सारिका सोरी द्वारा उनके आवास से मतदान केन्द्र पहुंचाते हुए व्हील चेयर के माध्यम से मतदान स्थल एवं वापस मतदान रथ के माध्यम से वापस घर छोड़ा गया। भोन्दूराम द्वारा मतदान पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वे अस्वस्थता के कारण पिछली बार मतदान नहीं कर सके थे। इस बार मतदान रथ के घर तक आ जाने से वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके है, जिससे वे बहुत खुश है।

## बेचा व कड़ेनार के मतदान दलों की वापसी पर स्वागत





**कोण्डागांव।** लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत प्रथम चरण के मतदान के पश्चात मतदान दलों की वापसी प्रारंभ हो गई है। सबसे पहले बेचा और कड़ेनार मतदान केन्द्र के मतदान अधिकारी हेलीकॉप्टर के माध्यम से पहुंचे। मंडी रोड स्थित आईटीबीपी के कैंप में बने हेलीपैड में वापसी के पश्चात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत और पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने मतदान अधिकारियों का स्वागत किया और उनके कुशलक्षेम के साथ ही कार्य के अनुभवों के संबंध में भी जानकारी ली।मतदान दल के अधिकारियों इस अवसर पर अतिसंवेदनशील क्षेत्र में मतदान का दायित्व सौंपने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वामपंथ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में लोकतंत्र के महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन किए जाने पर सुखद अनुभूति हुई है।

## मतदान पर दिखा उत्साह, दलों की वापसी प्रारंभ





**कोण्डागांव।** वामपंथ उग्रवाद से प्रभावित अतिसंवेदनशील गांव चेमा, आदनार और बयानार के मतदान केन्द्रों में भी मतदाताओं में भारी उत्साह दिखा। नक्सलियों द्वारा भय दिखाने के साथ ही चौत्र माह की गर्मी के बावजूद मतदाता लगातार लाईन में खड़े होकर अपने मतदान की बारी का इंतजार करते दिखे। महिला–पुरुष, बुढ़े–जवान सभी वगोंर् में मतदान के प्रति अपार उत्साह देखने को मिला।

# लोकसभा चुनाव प्रथम चरण में कोण्डागांव में 72 प्रतिशत मतदान, युवाओं में दिखा उत्साह





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

लोकसभा निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण में बस्तर संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 19 अप्रैल को संपादित किये गये। जिसमें लोगों ने बढ़चढ़ कर मतदान प्रक्रिया में भाग लिया। सुबह होते ही मतदान केन्द्रों के दरवाजे खुलने के पहले ही लोग लाइन लगाकर मतदान करने पहुंचे थे। मतदान करने के लिए लोगों में खासा उत्साह देखा गया। जहां बुढ़े से लेकर युवा एवं दिव्यांग से लेकर तृतीय लिंग के लोग भी मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते नजर आये। तपती दोपहरी में अपने दुधमुंहे बच्चों को लेकर धात्री माताएं भी मतदान केन्द्र पहुंच देश एवं लोक तंत्र के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करती नजर आयीं। इसका परिणाम है कि बस्तर संसदीय क्षेत्र में आने वाले कोण्डागांव विधानसभा 83 के अंतर्गत 5 बजे तक प्राप्त अनंतिम आंकड़ों के अनुसार 72.01 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

- मतदान के लिए सुबह से ही लोग पहुंचे मतदान केन्द्र

### मतदान से लोकतंत्र होगा मजबूत

भेलवांपदर मतदान केन्द्र क्रमांक 140 में पहली बार मतदान करने आयी उर्मिला नेताम ने कहा कि मुझे पहली बार मतदान कर बहुत अच्छा लगा सभी को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक होना चाहिए हमें अवश्य मतदान करना चाहिए। पहली बार मतदान करने वाली यामिनी नेताम ने भी खुशी व्यक्त करते हुए सभी से मतदान के लिए अपील की गयी। वहीं हाड़ीगांव में पहली बार मतदान करने आयी दीपिका नेताम, आशमती, मनीषा मरकाम, मेहत्तरीन मरकाम ने मतदान कर लोगों को लोकतंत्र में अपना सहयोग प्रदान करने के लिए मतदान करने की अपील की। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय स्थित मतदान केन्द्र में मतदान हेतु आयी तृतीय लिंग समुदाय के रजनी एवं संतोषी ने कहा कि उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मतदान के द्वारा ही लोकतंत्र को मजबूत बनाया जा सकता है एवं अपनी पसंद के उम्मीद्वार को चुन सकते हैं।

# महतारी वंदना योजना की लाभार्थी बहनों का श्रीफल से किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर के वार्ड 06 में महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों माता बहनों को श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया एवं बीजेपी के पक्ष में मतदान कर 400 पार के लक्ष्य को पाने की एकजुटता दिखाई गई। इस दौरान भाजपाइयों ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़ की महिलाओं को दी गई गारंटी को पूरा कर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नई सरकार ने महिला सशक्तिकरण का एक नया रास्ता तैयार किया है इससे महिलाओं में भारी उत्साह है। महतारी वंदन योजना का उद्देश्य गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। यह योजना सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है जो महिलाओं को उनकी स्वावलंबन की दिशा में एक मजबूत कदम दिलाने का प्रयास है। इसके तहत महिलाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र होकर अपने जीवन को बेहतर बनाने की क्षमता हासिल करती हैं। इससे न केवल महिलाओं का विकास होगा, बल्कि समाज का भी विकास होगा। यह एक सकारात्मक कदम है जो समाज में न्याय और असमानता की दिशा में महिलाओं को आगे बढ़ाने में मदद करेगा।

### छोटी छोटी खुशियां होगी पूरी –सत्यवती

फरसगांव वार्ड 6 की सत्यवती भारद्वाज कहती हैं कि मेरी छोटी-छोटी खुशियां इस राशि से पूरी होगी, मैं अपने बच्चों के लिए भी राशि खर्च कर सकूंगी।महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपए मिलने से अपनी पारिवारिक जरूरतों को पूरा करने में सहयोग हो रहा है । महतारी वंदन योजना से मिली राशि से महिलाओं को परिवार के साथ खुद के स्वास्थ्य, पोषण और जीवन स्तर को उठाने का एक मजबूत आधार मिलेगा। महिलाओं की आर्थिक मजबूती से समाज में उनके प्रति भेदभाव में कमी और जागरूकता आएगी। निश्चित रूप से आने वाले दिनों में महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ की आधी आबादी की आत्मनिर्भरता की दिशा मील रहा है। इस अवसर पर वार्ड06 के प्रभारी सुरेश जायसवाल, गणेश जायसवाल, एसपी शुक्ला, प्रवीण राव, राजेश सोना, कामेश्वर साहू, गायता हेमलाल, दसरथ भारद्वाज, सुखचंद यादव, सोनाई बाई नरेटी, सगारो बाई दर्रो, दीपा नेताम, सन्नोबाई भारद्वाज सहित अन्य उपस्थित रहे।



# बैल के हमले से ग्रामीण घायल, सीने में घुसा सींग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

फरसगांव क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोदे में शुक्रवार की शाम लगभग 06 बजे ग्राम मोदे निवासी नरेश सेठिया पिता भागीरथी सेठिया अपने घर के बैल को चारा दे रहा था, तभी गांव के अन्य बैल वह आ गए, जिसे नरेश सेठिया भगा रहा था, इसी दौरान एक अन्य बैल ने उस पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल नरेश सेठिया को ग्रामीणों और परिजनों ने तत्काल उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया गया । बैल का सिंग नरेश सेठिया के सीने में घुसने से गंभीर चोट आई। जिसका प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रिफर किया गया ।

# नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी रिमांड पर भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोण्डागांव के थाना मर्दापाल अंतर्गत क्षेत्र अंतर्गत 18 अप्रेल को ग्राम मेड़पाल निवासी नाबालिक बच्ची के पिता द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 17 अप्रेल के शाम 7–00 बजे लगभग आरोपी फुलसिंग उर्फ रितिक कोर्राम पिता अनित कोर्राम साकिन लखापुरी थाना मर्दापाल कोंडागांव द्वारा उसकी नाबालिक बच्ची उम्र 16 वर्ष को प्रार्थी के घर सामने मेड़पाल से बहला फुसलाकर कर बलात्कार करने की नियत से अपहरण कर अपने स्कूटी में पीड़िता के हाथ को पकड़कर जबरदस्ती बिठाकर अपने बहन के घर जुगानी ले गया।

रात तीन बजे पहुंचा लखापुरी – पीड़िता के मर्जी के खिलाफ शारीरिक शोषण किया और रात में करीबन 03 बजे आरोपी अपने घर लखापुरी लेकर गया और लखापुरी से सुबह 18 अप्रेल को आरोपी




स्कूटी में बिठाकर वापस ग्राम बम्हनी उसके दीदी के यहां छोड़ दिया। परिजनों को पता लगने पर पीड़ित बच्ची से पूछताछ किए तो परिजनों को पूरी घटना बताई। आरोपी फुलसिग उर्फ रितिक पिछले कई महिनों से अब तक कई बार नाबालिक बच्ची का किया है शारीरिक शोषण।

**गिरफ्तार कर भेजा गया जेल** – प्रार्थी कि रिपोर्ट पर थाना मर्दापाल में अपराध क्रमांक 08/2024 धारा 363, 366, 376 (2)(ढ) भादवि व धारा 06 पॉक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार के द्वारा तत्काल आरोपी को गिरफ्तार करने के लिये निर्देश प्राप्त हुआ। जिस पर पर्यवेक्षण व अनु विभागीय अधिकारी पुलिस ऑप्स सतीश भार्गव के मार्गदर्शन पर तत्काल आरोपी की पतासाजी किया गया। आरोपी फुलसिंग उर्फ रितिक पिता अनित कोर्राम साकिन लखापुरी थाना मर्दापाल कोंडागांव की पतासाजी कर गिरफ्तार किया गया है। न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया ।

**टीम में शामिल रहे ये** – सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी रविशंकर ध्रुव, सउनि मोहन यादव, प्रधान आरक्षक गौतम नेताम, आरक्षक बाबूलाल पटेल, आरक्षक मुकेश भुआर्य, भुनेश्वर मरकाम आरक्षक, कृष्णा नेताम का गिरफ्तारी में योगदान रहा है।

# नौकरी व शादी का झांसा देकर युवती से अनाचार, आरोपी डाक्टर जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव/केशकाल

**खास बातें**

- वर्ष 2019 से वर्ष 2023 तक लगातार पीडिता से आरोपी डॉक्ट करता रहा दुराचार।
- आरोपी आरएमए डॉक्टर, पूर्व पदस्थापना सलना प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र वर्तमान पद स्थापना प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बेलर



थाना विश्रामपुरी घटना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बासकोट के पीडिता द्वारा 19 अप्रेल को लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्रामीण चिकित्सा सहायक के पद पर सीएचसी सलना में पदस्थ सुरेंद्र कुमार साहू द्वारा पीडिता से लगातार शादी करने का झांसा एवम नौकरी दिलाने का झांसा देकर वर्ष 2019 से वर्ष 2023 तक शारीरिक संबंध स्थापित किया है । आरोपी के शादी करने एवम नौकरी दिलाने के झांसे में आकर पीडिता उसको मना नहीं कर पा रही थी।

**नौकरी के नाम पर ऐठे ढाई लाख रू और गहने** – आरोपी डॉक्टर के द्वारा विश्वास का फायदा उठाकर पीडिता से अलग अलग समय अंतराल में 2,50,000 दो लाख पचास हजार हजार रुपए नगदी रकम, सोने के गहने लेकर भी ठगी किया गया है। पीडिता द्वारा पैसे मांग करने पर गली गलौज कर जान से मारने की धमकी देता था। जिस कारण पीडिता डर एवम दबाव में रिपोर्ट दर्ज कराने में डरती रही।

**अपराध पंजीबद्धः** पीडिता की रिपोर्ट पर थाना विश्रामपुरी में अपराध क्रमांक 24/2024 धारा 420, 376(2)(ढ), 506, भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है एवम मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के द्वारा आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकरूपेश कुमार दान के मार्गदर्शन एवम अनुविभागीय अधिकारी केशकाल भूपत सिंह धनेश्री के प्रवेक्षण में आरोपी की पता साजी कर मामले में पूछताछ कर आरोपी सुरेंद्र कुमार साहू पिता राधेलाल लाल साहू उम्र 42 वर्ष साकिन नगरी वार्ड क्रमांक 06 जिला धमतरी को आज 20 अप्रेल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की टिप्पणी से पंचायत सचिव नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शिक्षा विभाग के कुछ कर्मचारियों द्वारा सोशल मीडिया ग्रुप में सरपंच व सचिव पर आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने से पंचायत सचिव संघ में नाराजगी है। संघ ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी से मुलाकात इसकी शिकायत की है।



शिकायतकर्ताओं ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को महासमुंद व कांकेर लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है। जिले के अधिकारी-कर्मचारी चुनाव को निर्विध्न संपन्न कराने जुटे हैं। मतदान दल में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण भी पूरा हो चुका है। चुनाव के दौरान व्यवस्था बनाने जिम्मेदारी सौंपने के साथ ही अधिकारी कर्मचारियों को आपस में सामंजस्य बनाकर चलने के निर्देश दिये गये हैं। इसके बावजूद मतदान के एक सप्ताह पूर्व पहले शिक्षा विभाग के कुछ कर्मचारियों द्वारा सोशल मीडिया में सरपंच व सचिवों पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है, जिसे पंचायत सचिव संघ में काफी नाराजगी है। बुधवार को सचिव संघ के पदाधिकारियों ने इस मामले को लेकर कलेक्टर से शिकायत की। कलेक्टर ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए डीईओ को भविष्य में ऐसे मामलों से बचने के निर्देश दिए।

सचिव संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक चुनाव में पंचायत सचिवों को जिम्मेदारी सौंपी जाती है। जो भी जिम्मेदारी उन्हें सौंपी जाती है, उनका पूरी ईमानदारी से निर्वहन किया जाता है। लोस चुनाव में मतदान केंद्रों में भोजन, लाइट, माइक आदि की व्यवस्था सचिवों को दी गई है। इसके लिए कुछ राशि भी जारी हुई है।

## पेज 9 के शेष...

### कलपर-आपाटोला मुठभेड़...

मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ (एमएमसी) जोनल कमेटी के माओवादी सुरेखा की शिनाख्त महाराष्ट्र राज्य के जिला गढ़चिरौली निवासी के रूप में हुई है।
प्रतिबंधित व गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के प्रमुख लड़ाकू दल जिसे पीएलजीए के रूप में जाना जाता है उनमें से भी 14 माओवादी कैडर को सुरक्षा बलों द्वारा मुठभेड़ में ढेर किया गया है। एसपी कांकेर आईके एलेसेला द्वारा मारे गए माओवादियों की शिनाख्तगी कार्यवाही पूर्ण होने के बाद अब उनके विरूद्ध दर्ज अपराध, लंबित वारण्ट एवं घोषित ईनाम इत्यादि के संबंध में संबंधित जिलों से जानकारी एकत्रित की जा रही है।

### गार्ड ऑफ ऑनर के...

दियारी त्योहार मनाया था और उसे खुशी खुशी विदा किया था, तब किसी ने भी नहीं सोचा था कि उसे आखिरी बार देख रहे है और हमेशा हंसते मुस्कुराते आने वाला देवेंद्र घर के साथ ही पूरे गांव के लोगों में आंसू देकर जाएगा। इस दौरान शहीद देवेन्द्र अमर रहे के नारे गूंजते रहे। लोगों ने पुष्प अर्पित कर शहीद देवेन्द्र की अंतिम यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान जगदलपुर विधायक किरण देव, बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल, महापौर सफीरा साहू, लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप, भाजपा नेता श्रीनिवास राव मद्दी समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व सीआरपीएफ के अधिकारी व जवान मौजूद थे जिन्होंने शहीद देवेन्द्र को नम आखों से श्रद्धाजंलि दी। इस दौरान शहीद देवेन्द्र की मां अपने लाडले को देखने आ पहुंची। मां को अब भी विश्वास नहीं हो रहा है कि दो माह पहले जिस बेटे को खुशी-खुशी अपनी ड्यूटी पर जाने दिया था। अब उसे दोबारा कभी नहीं देख पाएगी, ना ही उसकी आवाज सुन पाएगी।

**कोविड में पिता की हुई थी मौत** - जानकारी के मुताबिक शहीद जवान देवेंद्र सेठिया के पिता महेश सेठिया का निधन 2021 में कोविड के दौरान हुआ था जिसके बाद से घर की जिम्मेदारी देवेंद्र के ऊपर ही थी। छोटा बेटा योगेंद्र घर में रहकर खेती किसानी का काम देख रहा था। शहीद देवेन्द्र अविवाहित थे। परिजनों द्वारा शादी की बात पर वे पहले अपने पुराने घर को बनवाने के बाद शादी करने वाले थे जिसके लिए परिजन दुल्हन की तलाश कर रहे थे लेकिन नियती को कुछ और ही मंजूर था।

### टेकेदार की वापसी...

कार्य शुरू कर दिया है, इससे ग्रामीणों राहत की संभावना है। वर्तमान में गांव में सौर्य उर्जा की सुविधा है पर लोगों के घर रोशन नहीं हो पा रहा है। इसके चलते जिसके पास मोबाईल है, जो बिजली नहीं होने से स्वीचऑफ रहता है।

### वृक्ष की डंगालें लाइन...

भी दो दर्जन से अधिक कर्मचारी सहायक अभियंता निरंजन सिंह कंवर, एसआर भद्रे, कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी, बीएस उरांव के नेतृत्व में बंद बिजली को बहाल करने में जुटे रहे, तब शाम को लगभग 4 बजे बिजली बहाल हो सकी और उपभोक्ताओं को राहत मिली।

### तोकापाल में हुई अंधड़...

है। साथ ही एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मराठवाड़ा और उसके आसपास 0.9 ऊंचाई तक विस्तारित था। इसके प्रभाव से शनिवार को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की सम्भावना है। साथ ही प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज-चमक के अंधड़ चलने और वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में आज से वर्षा की गतिविधि का दौर अलग-अलग क्षेत्रों में बनने की सम्भावना है। अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की सम्भावना नहीं है, किन्तु दक्षिण छग में गिरावट संभावित है।

### लखमा ने मतदाता व...

में मिलेगा। उन्होंने कहा कि बस्तर का चुनाव निपट गया अब छत्तीसगढ़ के अन्य 10 सीट में प्रचार के लिए जाना है। अगले 26 अप्रैल को कांकेर सीट का चुनाव है, वहां के लिए रवाना हो जाऊंगा। सभी जगह जहां भी पार्टी मेरी जरूरत महसूस करके दायित्व सौंपेगी वहां कांग्रेस प्रत्याशी को जीताने के लिए मेहनत करूंगा।

## खबर संक्षेप

### समर्पण व सहयोग से पूर्ण हुआ लोकसभा चुनाव



**गीदम।** भजापा जिलाध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी ने जिले में शांति पूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, मतदान दलों, पत्रकार साथियों एवं समस्त राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया हैं। विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि सभी के परिश्रम, समर्पण, एकता और सहयोग से लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसके लिए दंतेवाड़ा जिले की देवतुल्य जनता समेत प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से अपनी भूमिका निभाने वाले समस्त जनों के प्रति विधायक ने आभार व्यक्त किया है।

### बस्तर की जनता ने बता दिया देश में बदलाव की लहर : बैज



**जगदलपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने जारी बयान में कहा कि बस्तर सहित छत्तीसगढ़ की सभी सीटों को कांग्रेस पार्टी जीतेगी। बस्तर की जनता ने साफ संकेत दिया है कि देश में बदलाव की हवा चल रही है। छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में भाजपा और मोदी सरकार के खिलाफ जनाक्रोश है जो बस्तर के मतदान केन्द्रों पर साफ दिख रहा था। देश की जनता ने महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और जुमलेबाजी के खिलाफ मतदान किया है। आज प्रथम चरण के जिन 102 सीटों पर मतदान हुई है उनमें इंडिया गठबंधन 70 प्रतिशत सीटों पर जीतेगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में परिवर्तन करने को जनमानस तैयार बैठा है। चार महीने पहले छत्तीसगढ़ में झूठे वादे करके सरकार बनी और चार महिने में ही लोगो को लग नहीं रहा है कि छत्तीसगढ़ में कोई सरकार भी है। इसीलिये पूरे देश में और प्रदेश में लोग बदलाव चाहते है। छत्तीसगढ़ और देश में लोग कांग्रेस और इंडिया एलाईंस को जीताना चाहते है।

### अधिक मतदान काबिले तारिफ : लखेश्वर



**जगदलपुर।** विधायक लखेश्वर बघेल ने बस्तर में शांतिपूर्ण निर्विघ्न चुनाव सम्पन्न कराने के लिए मतदानकर्मियों, सुरक्षा जवानों समेत मतदाताओं का आभार माना है। उन्होंने जारी बयान में कहा कि नक्सली आतंक, विषम भौगोलिक परिस्थिति एवं 42 डिग्री भीषण गर्मी के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह 6 बजे से मतदान के लिए मतदान केंद्रों के बाहर अपने मताधिकार का उपयोग करने का उत्साह नजर आया वह काबिले तारीफ है। लोकतंत्र के प्रति लोगों के विश्वास का परिचायक है। प्रथम चरण के चुनाव में बस्तर की जनता ने मतदान के मामले में देश के महानगर नागपुर के मतदाताओं को पीछे छोड़ यह स्पष्ट संदेश दिया है कि हम बस्तरवासी किसी से कम नहीं है। इस बार के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का चुनाव प्रबंधन भाजपा से बेहतर रहा। गरीबों के कल्याण के लिए तैयार कांग्रेस का घोषणा पत्र, बस्तर में राहुल गांधी का जनता और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद और छह बार से लगातार विधायक कवासी लखमा की लोकप्रियता तथा सीपीआई और आम आदमी पार्टी के सहयोग से की गई मेहनत रंग लाई है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं का विश्वास और समर्थन लोकतंत्र में जीत की अहम कड़ी है।

### हनुमान जन्मोत्सव पर रामभक्तों का होगा सम्मान

**जगदलपुर।** हनुमान जन्मोत्सव 23 अप्रैल के अवसर पर 1008 हनुमान मंत्र का अखंड जाप किया जाएगा। साथ ही यज्ञ हवन, हनुमान चालीसा पाठ तथा आरती की जाएगी। इस अवसर पर श्रद्धालुओं से पतंजलि योग समिति के प्रांत प्रमुख डॉ मनोज पाणीग्राही ने आग्रह करते कहा कि संध्या 6 बजे आरती की थाल के साथ सम्मिलित होवें। पतंजलि योग समिति के इस आयोजन पर रामनवमी के दौरान नगर के चौराहों पर सजावट कर भक्तिमय माहौल बनाया गया था, उन सभी राम भक्तों का विशेष सम्मान और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जावेगा।

गीदम ब्लॉक के संवेदनशील मतदान केंद्र चेरपाल व पहुरनार में मतदाताओं ने जमकर किया मतदान

# लोकसभा चुनाव में बुलेट पर हुई बैलेट की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम





लोकसभा चुनाव के पहले चरण में बस्तर लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ। जिसमें गीदम ब्लॉक के अति संवेदनशील गांव पाहुरनार, चेरपाल में लोकसभा चुनाव हेतु मतदान केंद्र बनाया गया।

- सीआरपीएफ, डीआरजी और कोबरा बटालियन की रही सुरक्षा

जहां मतदाताओं ने काफी उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। नक्सल दहशत और किसी दशक में मतदान के दौरान नक्सलियों ने मतदान दलों से पोलिंग पेटी लूट लिया था, उसके बाद से इन इलाकों में मतदान होता ही नहीं था। छिंदनार के इंद्रावती नदी घाट में पुल बनने और सुरक्षा कैंप लगने के बाद चेरपाल, पहुरनार गांव में मतदान केंद्र बनाया गया है। इन दोनों गांवों को मतदान केंद्र बनाने के बाद से हांदावाड़ा, पिंडकापाल, हितूलवाड़ा, तुमरीगुंडा जैसे आधा दर्जन गांवों के मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। नक्सल दहशत और अति संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण यहां के ग्रामीण पहले इंद्रावती नदी पार कर मुचनार, बारसूर, मतदान करने जाते थे। पिछले विधानसभा के बाद से यहां मतदान केंद्र बनने के बाद से यहां के ग्रामीणों को काफी राहत मिली है। अब यहां के ग्रामीण नक्सल दहशत को दरकिनार कर अपने गांव में उत्साह के साथ मतदान कर रहे है। सीआरपीएफ, डीआरजी और कोबरा बटालियन की सुरक्षा के बीच पोलिंग पार्टियां इन मतदान केंद्रों में मतदान हेतु पहुंची थी और मतदाताओं ने भी उत्साह के साथ बुलेट पर बैलेट की जीत का परिचय देते हुए सुबह से कतारबद्ध होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया और लोकतंत्र के इस पर्व को सफल बनाया।

#### मतदान करवाने 10 किमी पैदल चलकर पहुंची थी पोलिंग पार्टी

सुरक्षा के साए में लगभग 8 से 10 किलोमीटर पैदल चलकर पोलिंग पार्टियां इन मतदान केंद्रों में मतदान करवाने पहुंची थी। यह वहीं इलाका है जहां लोकसभा चुनाव से पूर्व नक्सलियों ने बैनर, पोस्टर बांधकर भय व डर का माहौल उत्पन्न करने और मतदान को प्रभावित करने का प्रयास किया था। लेकिन सुरक्षा बल के जवानों और पोलिंग पार्टियों के साहस व हिम्मत से गनतंत्र के आगे लोकतंत्र की विजय हुई।

## विधायक चैतराम अटामी ने सपरिवार किया मतदान



**गीदम।** विधायक चैतराम अटामी ने गीदम ब्लॉक के बूथ क्रमांक 47 मझार पारा कासोली पहुंच सहपरिवार मतदान किया। क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि सभी मतदान अवश्य करें और लोकतंत्र के पर्व में अधिक से अधिक मतदान कर, जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभाये।

# नानगुर मंडल में ग्रामीणों में मतदान को लेकर दिखा उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नानगुर मंडल के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बिलोरी, चिलकुटी, डोगाम, जाटम, नानगुर, कुरंदी, साड़गुड़, छोटे कवाली, बड़े मुरमा सहित पूरे मंडल में भारी मतदान हुआ। ग्रामीणों ने चर्चा में बताया कि लोकतंत्र के इस महापर्व पर मतदान करने के लिए भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने समझाया कि एक-एक वोट जरूरी है। लोकतंत्र को अगर बचाना है तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। इस दौरान भाजपा जिला कोषाध्यक्ष एवं नानगुर मंडल प्रभारी रजनीश पाणिग्रही, मिडिया प्रभारी प्रकाश रावल, उदय दुबे, राजू ओगले, प्रकाश दुग्गड़, नीलांबर सेठिया, लखमू भारती, राजू पैयाम, अमलपति बैस, राम केसरी, गोयल, चैतूराम, रेखा नाग, डमरू सहित मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने-अपने बुथ पर मतदान करवाने डटे रहे।

# प्रकृति को समर्पित थीम पर प्राकृतिक वस्तुओं से सजा था मतदान केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में बस्तर लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ। जिसमें गीदम ब्लॉक के आदर्श कन्या माध्यमिक आश्रम शाला छिंदनार को युवा मतदान केंद्र बनाया गया था। ग्रीन प्लेनेट का संदेश देते हुए, इस युवा मतदान केंद्र को प्रकृति को समर्पित थीम पर बनाया गया था। शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई थी।

महिला समूह एवं स्वच्छता दीदियों द्वारा सभी को पानी पिलाया गया। साथ ही इको फ्रेंडली इको सेल्फी जोन भी बनाया गया। जिसमें आकर लोगों ने उत्साह पूर्वक सेल्फी ली। साथ ही छिंद के पत्तों से इको फ्रेंडली कूड़ादान बनाया गया था। इस मतदान केंद्र को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और ऐसा लग रहा था जैसे कोई त्यौहार मनाया जा रहा हो। लोकतंत्र के इस पर्व पर युवाओं एवं सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### युवा मतदान केंद्र छिंदनार की भव्य सजावट









## बस्तर संस्कृति की झलक मॉडल बना आकर्षण का केंद्र ...





**जगदलपुर।** शहर के भगत सिंह स्कूल में आदर्श पोलिंग बूथ मतदान केंद्र में नगर पालिक निगम के द्वारा बस्तर की संस्कृति की झलक पर मॉडल बनाया गया था। मॉडल सेल्फी बूथ में आए मतदाताओं ने सेल्फी लिया। विशेषकर शहर के अन्य मतदाता भी मतदान करने के पश्चात बस्तर की झलक मॉडल पर सेल्फी लेने के लिए आ रहे थे। बनायें गए मॉडल की मतदाताओं ने प्रशंसा की। साथ ही भगत सिंह स्कूल में बने बस्तर की झलक मॉडल की चुनाव आयोग छत्तीसगढ़ ने सराहना की है।

## प्रेरणादायक नाटक का संदेश लोगों को भाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भगवान महावीर स्वामी के 2623 वें जन्म कल्याणक पर 3 दिवसीय महोत्सव के प्रथम दिन जैनिज्म गुरप द्वारा लाईट कैमरा एक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दिए गए। नाटक के माध्यम से जीवन शैली पर सुधार के संदेश दिए गए। जल बचाओ, अत्याधुनिक संचार तकनीकी के लाभ और हानि का चित्रण, बच्चों को सुविधा के स्थान पर संस्कार देने का संदेश नाटक के माध्यम से दिया गया। कार्यक्रम की विजेता टीम ड्रामेबाज गुरप ने सुंदर प्रेरणा दायक प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि विधायक किरण देव, अध्यक्षता समाज अध्यक्ष मनोहर लुनिया व संचालन महामंत्री देवीचंद संचेती ने किया।

# स्ट्रांग रूम में मतदान सामग्री को किया गया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोकसभा निर्वाचन 2023 के तहत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर के अंतर्गत बस्तर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में मतदान सम्पन्न होने के पश्चात ईव्हीएम, बैलेट यूनिट और व्हीव्हीपेट सहित अन्य मतदान सामग्रियों को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा सामान्य प्रेक्षक डॉ.जे.गणेशन और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी और रिटर्निंग अधिकारी विजय दयाराम के. की उपस्थिति में शनिवार को शासकीय आदर्श महाविद्यालय स्थित स्ट्रांग रूम में सीलिंग की कार्यवाही की गई।

- प्रेक्षक, रिटर्निंग अधिकारी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया सीलिंग





मतदान प्रक्रिया पूर्ण कराने के उपरांत सभी मतदान दल 19 अप्रैल को रात्रि में वापस जगदलपुर पहुंच गए थे, मतदान सामग्री जमा करने की प्रक्रिया देर रात तक चलती रही। विधानसभा क्षेत्र नारायणपुर की मतदान सामग्री को शनिवार प्रातः नारायणपुर जिले के लिए रवाना किया गया। इसी प्रकार सुकमा जिले से जगदलपुर और चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के मत पेटियां प्राप्त होने पर मौका मिलान कर सीलिंग की कार्यवाही को किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा सहित तीनों विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी भरत कौशिक, एआर राणा, सुब्रत प्रधान, एसडीओपी दिलीप कोसले, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी संजय सोनवानी और निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।


## हल्दी लगाए दुल्हे ने शादी से पहले किया मतदान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| करपावंड

लोकसभा चुनाव में ऐसा भी नजारा दिखाई पड़ा जो सभी के लिए प्रेरणादायक साबित हुआ। करपावंड क्षेत्र के मिडिल स्कूल जैबेल के मतदान केंद्र में दुल्हे के साथ परिवार के 5 सदस्य मतदान करने पहुंचे थे। जिसमें दुल्हा शादी से पहले हल्दी रस्म के बाद सीधे मतदान केंद्र पहुंचा था। ग्रामीण क्षेत्र में हल्दी रस्म को विवाह से पहले पवित्र माना जाता है। जैबेल-1 के बूथ क्रमांक 16 में करपावंड भाजपा मंडल के महामंत्री पुलकेश्वर पांडे तथा युवा मोर्चा के अध्यक्ष बिसम ठाकुर ने दुल्हा एवं उसके परिवार को मतदान के लिए प्रेरित किया। साथ ही मतदान केंद्र ले जाकर मतदान भी करवाया।


अहिंसा परमो धर्मः
णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आयरियाणं,
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्व साहूणं।
विश्व को शांति, दया व अहिंसा की
सीख देने वाले 24वें तीर्थंकर
भगवान
महावीर जयंती
की हार्दिक शुभकामनाएं
जय जिनेन्द्र
JANTA HARDWARE
INDIGO
JANTA AGRO
JANTA POWER TOOLS
GOLE BAZAAR, JAGDALPUR - 93011 10111
विवेक जैन
जगदलपुर


त्याग, तपस्या एवं तर्पण की मूरत
भगवान
महावीर जयंती
की हार्दिक शुभकामनाएं...
सत्य, अहिंसा और त्याग पर आधारित भगवान महावीर का तपस्वी जीवन व उनकी शिक्षाएं
हमें धर्म के मार्ग पर चलकर मानवता की सेवा करने की प्रेरणा देता है।
जय जिनेन्द्र
VARYA
Pratapganj Para, Jagdalpur, Bastar (C.G.), Contact- 09575222888


महावीर जयंती
की हार्दिक शुभकामनाएं।
सुख में और दुःख में,
आनंद में और कष्ट में,
हमें हर जीव के प्रति
वैसी ही भावना रखनी चाहिए
जैसा की हम अपने प्रति रखते हैं।
K-LOUNGE
THE Raymond SHOP
पारख परिवार की ओर से
श्री भगवान महावीर
जन्म कल्याणक महोत्सव 2024
की शुभकामनाएं
VIJAY STORES
MAIN ROAD, JAGDALPUR


अहिंसा परमो धर्मः
खुद पर विजय प्राप्त करना, लाखो शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने से बेहतर है।
अहिंसा ही सबसे महान धर्म है, सभी जीवों के प्रति सम्मान अहिंसा है।
भगवान
महावीर
जन्म कल्याणक महोत्सव
की शुभकामनाएं
बस्तर
जय जिनेन्द्र
अनिल लुंकड़
जगदलपुर


अहिंसा परमो धर्मः
Ankur
अंकुर स्वीट्स एंड स्नैक्स
जय जिनेन्द्र
श्री भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 2024
युग की है यही पुकार,
फिर हो महावीर अवतार
जियो और जीने दो,
गूंजे हर घर, मंदिर, हर द्वार
सत्य, अहिंसा धर्म हो
मिट जाए अत्याचार
अतिवीर,सन्मति हे महावीर,
हे वर्धमान प्राणियों की सुनो पुकार
कर दो सबका कल्याण
गाय और सिंह एक घाट
फिर साथ पिएँ पानी
जैन उर धरें माँ जिनवाणी
महावीर के उपदेशों पर
चले सारा संसार
युग की है यही पुकार, फिर
हो महावीर अवतार
भगवान
महावीर जयंती
की हार्दिक शुभकामनाएं...
HOTEL AKANKSHA
होटल आकांक्षा
संजय बाजार के पास,
रमैय्यापारा, जगदलपुर
मनोहर लुनिया
अध्यक्ष
श्री ओसवाल जैन श्वेताम्बर समाज,जगदलपुर